इन्वेस्ट यूपी और गीडा: पूर्वी उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को दे रहे नया आयाम

लखनऊ | 02 अप्रैल, 2025: गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा), **इन्वेस्ट यूपी**-राज्य की निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी के सहयोग से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में औद्योगीकरण को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बेहतर बुनियादी सुविधाओं और निवेश अनुकूल माहौल से गीडा, क्षेत्र के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में कई कंपनियों ने अपने उद्योग स्थापित किए हैं, जिन्होंने **इन्वेस्ट यूपी** द्वारा आयोजित पिछले **ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट** के दौरान समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया था।

गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में कई कंपनियों ने अपनी इकाइयां स्थापित की हैं, जिससे राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को और मजबूती मिली है। मुख्य परियोजनाओं में से एक, जिसने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान MoU प्राप्त किया, इसमें **केयान डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा स्थापित इथेनॉल उत्पादन की इकाई भी शामिल है, जो इथेनॉल, एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल, रेक्टिफाइड स्पिरिट, डीडीजीएस, कार्बन डाइऑक्साइड, देशी शराब, भारत में निर्मित विदेशी शराब, अशुद्ध स्पिरिट और संबंधित रसायनों का एक प्रमुख निर्माता है। कंपनी ने गीडा के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करते हुए 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इथेनॉल उत्पादन का पहला चरण जल्द ही शुरू होने वाला है, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ अप्रैल 2025 में इस सुविधा का उद्घाटन कर सकते है।

खाद्य प्रसंस्करण की एक और महत्वपूर्ण कंपनी वरुण बेवरेजेज जो पेप्सिको की अधिकृत बॉटलर है। कंपनी ने अपने गोरखपुर संयंत्र में शीतल पेय और ऊर्जा पेय बनाने के लिए 1,116.85 करोड़ रुपये के निवेश के बाद अप्रैल 2024 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया। इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से परियोजना ने बिना बाधा के आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए, जिससे खाद्य प्रसंस्करण और पेय पदार्थ निर्माण में प्रदेश की स्थिति मजबूत हुई है।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) ने राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। करीब 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, सीडब्ल्यूसी ने वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा मिला है। इस परियोजना का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा किया, जो औद्योगिक विकास में एक और मील का पत्थर है।

इन बड़ी औद्योगिक इकाइयों के अलावा, कई कंपनियों को वाणिज्यिक उत्पादन के बाद लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) प्रदान किए गए हैं, जिससे उनके संचालन के लिए निरंतर वित्तीय प्रोत्साहन और समर्थन सुनिश्चित हुआ है।

इनमें प्रमुख हैं: -

दूध और डेयरी उत्पादों में विशेषज्ञता रखने वाली सी.पी. मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 84.27 करोड़ रुपये के निवेश के बाद उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के लिए 24.06.24 को एलओसी प्राप्त हुआ।

लोहा और इस्पात निर्माता कंपनी गैलेंट इस्पात लिमिटेड ने 10,749.67 करोड़ रुपये के निवेश के बाद राजकोषीय प्रोत्साहन से लाभान्वित होते हुए 25.01.25 को एलओसी हासिल किया। -

वरुण बेवरेजेज लिमिटेड, खाद्य प्रसंस्करण प्रमुख को 1,116.85 करोड़ रुपये के निवेश उपरांत नीति समर्थन के रूप में एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के लिए 28.12.23 को एलओसी प्राप्त हुआ।